# VASHISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI.

**Name:** ___________________________________ **Roll No.**_____
**Class: 8 Div:**____ **Date:**____________ **Subject:Hindi (2L)**

**'मधुप' पुनरावर्तन पाठ- 3 और 4**

**प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए |**

क. गज़धर कौन थे ? उन्हें समाज में कैसा दर्जा दिया गया था?

ख. कोली समाज को अपने यहाँ बसाने के लिए क्या-क्या सुविधाएँ जुटाई जाती थीं? क्यों?

ग. जोड़िया कौन होते थे ? गज़धरों के साथ उनका क्या रिश्ता होता था?

घ. रामनामी परिवार शव को अग्नि न देकर मिट्टी में क्यों दफ़नाते हैं?

ङ. भंगाहल घाटी में प्रकृति के किन-किन रूपों को देखा जा सकता है ?

च. किन लोगों के लिए भंगाहल घाटी एक सपना है और क्यों ?

छ. पाठ में लेखक ने भंगाहल पहुँचने के रास्ते का किस प्रकार वर्णन किया है ?

ज. सरदियों में कुक्कड़गुंधा के लोग पलायन क्यों कर जाते हैं ?

झ. घाटी में घरों को दो मंज़िला और छतों को ढलानदार क्यों बनाया जाता है ?

ञ. थमसर दर्रे की क्या विशेषता है ?

विस्तार से उत्तर लिखिए -

क. कैसे कह सकते हैं कि गज़धर सिर्फ़ तालाब बनाने वाले ही न थे, वे वास्तुकार भी थे?

ख. तालाब की जगह का चुनाव करते हुए 'बुलई' को क्यों बुलाया जाता था?

ग. खडीन किसे कहते हैं? ये कहाँ बनाए जाते थे ?

घ. रामनामी संप्रदाय के लोगों के विषय में क्या जानकारी उपलब्ध है ?

ङः. बीड़ रोड से बिलिंग तक के सफ़र का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ?

च. बिलिंग पर पाँव पड़ते ही कैसा अनुभव होता है ?

छ. 'हनुमान किले' से संबंधित लोककथा क्या है ?

झ. भंगाहल गाँव के लोगों का जीवन कैसा है ?

ञ. भंगाहल घाटी को तिलिस्मी लोक क्यों कहा गया होगा ? अपने शब्दों में लिखिए|

**गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर छाँटिए और लिखिए -**

रोमांचकारी रास्ते को तय करके जब नीचे पहुँचते हैं तो चारों तरफ़ प्रकृति ही प्रकृति बिखरी हुई दिखाई देती है। एक सुरम्य झील है जिसके पानी का रंग गहरा नीला दिखता है। झील की गहराई का कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। मान्यता है कि इस झील में देवता स्नान करते हैं। आगे का रास्ता दुरूह भी है और सुरम्य भी। तकरीबन सात किलोमीटर के इस सफ़र में रंगबिरंगे छोटे-छोटे फूल, जड़ी-बूटियों के पौधे, भोजपत्र के पेड़, वन्य प्राणी हमारा स्वागत करते दिखते हैं। हिमाचल का राज्य-पक्षी 'मोनाल' और बरफ़ में पाया जाने वाला 'भालू' भी कुछ खुशनसीब लोगों को दिख जाता है।

क. रोमांचकारी किसे कहा जा रहा है?

i. प्रकृति को　ii. झील को　iii. नीचे पहुँचने के रास्ते को　iv. ऊपर पहुँचने के रास्ते को

ख. झील के बारे में क्या मान्यता है ?

i. इसमें देवता पूजा करते हैं।　ii. इसमें देवता स्नान करते हैं।

iii. इसमें देवता साधना करते हैं।　iv. इसमें देवता शयन करते हैं।

ग. रास्ते की दूरी कितनी है ?

i. पाँच किलोमीटर　ii. छह किलोमीटर　iii. सात किलोमीटर　iv. आठ किलोमीटर

घ. सफ़र में क्या-क्या दिखाई दे जाता है ?

ङः किन लोगों को खुशनसीब माना गया है ?